मौसम की पहली जोरदार बारिश, हर ओर पानी ही पानी, सड़कें हुई जलमग्न

- शहर की कोई भी सड़क ऐसी नहीं, जो पानी में नहीं डूबी
- तीन इंच से ज्यादा गिरा पानी, आंकड़ा 24.5 इंच पर पहुंचा

नव भारत न्यूज

इंदौर. लंबे समय से जिस तेज बारिश का शहर में इंतजार किया जा रहा था, वो आज पूरा हो गया. करीब डेढ़ घंटे जोरदार बारिश हुई और शहर में हर ओर पानी-पानी हो गया. शहर की कोई ऐसी सड़क और कॉलोनी नहीं बची, जो बारिश के पानी डूबी नहीं हो. हालांकि बारिश शाम छह बजे तक भी होती रही. आज शहर में तीन इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है और इस तरह शहर की बारिश का आंकड़ा 24.5 इंच हो गया है.

आज सुबह कड़ी धूप निकली और लोगों को उमस का अहसास हो रहा था. लेकिन धीरे-धीरे दोपहर तक काले बादलों ने शहर में डेरा डाल दिया. दोपहर करीब दो बजे जोरदार बारिश शुरू हो गई. 3.45 बजे तक मूसलाधार बारिश होती रही. इस दौरान मानो पूरा शहर थम सा गया और जलमग्न हो गया. शहर की ऐसी कोई सड़क नहीं बची जो पानी में डूबी नहीं हो. यही स्थिति कॉलोनियों की थी और सारी जगह पानी भर गया. कई इलाकों में तो लोगों के घरों में पानी भरा गया. कहीं पानी के बहाव में कारें और गणेश पंडाल बह गए या टूट गए. प्रजापत नगर में गणेश जी का तेज बहाव में विसर्जन ही हो गया. इधर, शहर में एक बार फिर नगर निगम के चेंबर सफाई से लेकर ड्रेनेज चोक होने की पोल खुल गई. ज्यादातर स्थानों और प्रमुख सड़कें तालाब में तब्दील

हो गई. हालांकि नगर निगम के आपदा दल ने भी तुरंत मोर्चा संभाल लिया और मैदान में जल निकासी के लिए चेंबर और नालियों सहित जलजमाव प्वाइंट पर मुस्तैदी से काम किया. निगम के आपदा दल ने जहां का प्वाइंट मिला, वहां पहुंच कर बंद पड़े चेंबर या स्ट्रार्म वॉटर लाइन के ढक्कन खोले. आज बारिश का कहर इस कदर था कि यदि दो घंटे बादल और बरस जाते तो शहर के हालात बेकाबू हो जाते. 4 बजे बारिश थम गई या यूं कहे कि बहुत धीमी हो गई और सड़कों से पानी उतर गया.

चंद्र भागा और प्रजापतनगर डूबा

जूनी इंदौर क्षेत्र का चंद्रभागा की स्थिति इतनी खतरनाक थी की वहां ढाई से तीन फीट पानी भरा हुआ था. स्कूटर तो ठीक है कार और बड़े वाहन भी नहीं जा सके. कई घरों के आगे तीन से चार फीट पानी जमा था. वहीं द्वारकापुरी प्रजापत नगर में तो बाढ़ जैसा दृश्य देखने को मिला. पानी की रफ्तार इतनी तेज की कार और गणेश जी की भारी मूर्ति भी बह गई.

यातायात रहा जाम

बारिश के कारण शहर के मुख्य मार्ग की सड़कों पर जलजमाव हो गया. इससे बीआरटीएस, सुपर कॉरिडोर, से लेकर कलेक्टर चौराहा, हरसिद्धि, सुदमानगर, फूटीकोठी, प्रजापत नगर, द्वारकापुरी, मालवीनगर, रोबोट चौराहे, रिंग रोड की सर्विस रोड, विजय नगर, राजीव गांधी चौराहे, राजेंद्र नगर, एयरपोर्ट, बड़ा गणपति, नगर निगम चौराहा, एमजी रोड, जवाहर मार्ग, रामबाग, एमआर 10, सुखलिया, बापट चौराहा, स्कीम 78,54,74, परदेशीपुरा, पाटनीपुरा, मालवामिल, छावनी, सपना संगीता, नौलखा, अग्रसेन चौराहा, जूनी इंदौर, बड़ा रावला, सरवटे और गंगवाल बस स्टैंड सहित सभी जगह जलजमाव से यातायात जाम हो गया था. वाहन चालक जलजमाव के कारण जाम में परेशान होते रहे.

यशवंत सागर तालाब लबालब, दो गेट खोले

महू और आसपास के ग्रामीण इलाकों में हुई झमाझम बारिश का असर शहर के प्रमुख जलस्रोतों पर दिखने लगा है. देर रात यशवंत सागर तालाब लबालब हो गया, जिसके चलते प्रशासन ने एहतियातन इसका एक गेट खोला था. शनिवार दोपहर हुई बारिश से पानी की आवक बढ़ने से तालाब लबालब हो गया. इसके बाद दो गेट खोले गए. जलकार्य समिति प्रभारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि शुक्रवार देर रात 11 बजे गेट खोला था, इस दौरान डाउन स्ट्रीम के गांवों और उज्जैन डेम प्रशासन को पूर्व में ही सूचना दे दी गई थी, ताकि वहां भी सतर्कता बरती जा सके. पूरी प्रक्रिया के दौरान नगर निगम और तालाब के कर्मचारी मौके पर तैनात रहे. जानकारी के अनुसार यशवंत सागर की क्षमता 19 फीट है और लगातार बारिश से यह पूरी तरह लबालब हो चुका है. वहीं शहर के अन्य तालाबों की हालत संतोषजनक नहीं है.

प्रजापत नगर में पानी में फंसी कार

तेज बारिश के बीच प्रजापत नगर क्षेत्र में एक कार पानी के तेज बहाव में फंस गई. कार में एक बच्चा सहित कई लोग सवार थे. स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. बारिश के चलते शहर के कई हिस्सों में इसी तरह पानी भरने और वाहन फंसने के दृश्य देखने को मिले. प्रजापत नगर की यह घटना भी उसी दौरान हुई, हालांकि समय रहते सभी को बचा लिया गया जिससे कोई अनहोनी नहीं हुई.

पेड़ गिरने से बिजली गुल, बारिश में ही सुधारी

शहर में दोपहर तेज बारिश के बीच अन्नपूर्णा थाना क्षेत्र में बड़ा पेड़ अचानक बिजली लाइन पर गिर गया. घटना से क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई और आसपास के इलाकों में अंधेरा छा गया. पेड़ गिरने से लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी. सूचना मिलते ही अन्नपूर्णा जोन के विद्युत कर्मी मौके पर पहुंचे और बारिश के बीच ही राहत कार्य शुरू किया. टीम ने पेड़ को काटकर हटाया और क्षतिग्रस्त तारों की मरम्मत की. करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद लाइन दुरुस्त कर दी गई और इलाके में बिजली आपूर्ति फिर से शुरू हो गई. स्थानीय लोगों ने कठिन परिस्थितियों में तुरंत कार्रवाई करने पर बिजली विभाग की टीम की सराहना की.

हाई कोर्ट की दहलीज पर पहुंचा महाकाल मंदिर में दर्शन का मामला

- नहीं थम रहा मंदिर को लेकर विवाद का दौर
- दर्शन पूजन को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका
- भांग का श्रृंगार और वीआईपी कल्चर पर खड़े हुए सवाल

उज्जैन. महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में गर्भगृह में केवल वीआईपी और नेताओं से लेकर प्रभावशाली व्यक्तियों को विशेष प्रवेश दिए जाने के खिलाफ जनहित याचिका इंदौर हाईकोर्ट में दायर की गई है, साथ ही भांग के श्रृंगार पर भी सवाल खड़े हुए हैं.

याचिकाकर्ता दर्पण अवस्थी ने याचिका दायर की है, जिसमें समान अधिकार की मांग की गई. आरटीआई के माध्यम से मंदिर ट्रस्ट से जानकारी मांगी गई थी कि वीआईपी को गर्भगृह में प्रवेश किस आधार पर मिलता है. इसका कोई

संतोषजनक जवाब नहीं मिला. आम भक्तों को केवल बाहर से ही दर्शन करने की अनुमति होती है, जिससे असमानता पैदा होती है.

हाईकोर्ट की प्रतिक्रिया

इंदौर हाई कोर्ट की युगलपीठ ने सुनवाई की और फैसला सुरक्षित रखा है, राज्य सरकार, मंदिर ट्रस्ट, उज्जैन कलेक्टर एवं एसपी को पक्षकार बनाया गया है. सभी को इंतजार है कि आखिर क्या फैसला आता है.

पूरे देश में नकारात्मक संदेश

एक तरफ विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में लाखों श्रद्धालु प्रतिदिन आ रहे हैं, जिससे शहर की आर्थिक उन्नति भी हो रही है. सिंहस्थ 2028 की तैयारी भी उज्जैन में की जा रही है. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का गृह नगर भी है. ऐसे में छोटी-छोटी बातों का विवाद कोर्ट कचहरी तक पहुंच रहा है. महाकाल मंदिर को लेकर जिस प्रकार से आंतरिक विवाद की बातें बाहर आ रही है ऐसे में देश-विदेश तक मंदिर की छवि पर विपरीत असर पड़ रहा है जिसको रोकने के लिए अब समाजसेवी व प्रबुद्धजन मुखर हो गए हैं और उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह से लेकर महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कोशिक तक से इस संबंध में संज्ञान लेने की बात कही है.

भांग श्रृंगार का एक और विवाद

18 अगस्त 2025 को मंदिर की शोभायात्रा महाकाल सवारी के दौरान महाकाल के भांग के श्रृंगार मुखौटा अचानक टूटकर गिर गया. यह घटना रामघाट पर पालकी पूजा यात्रा के पश्चात सवारी के लौटते समय महाकाल मंदिर में हुई. ऐसे में प्रशासन ने पुजारी प्रदीप गुरु को नोटिस जारी कर जवाब देने के लिए कहा. उन पर निर्धारित मात्रा से अधिक भांग उपयोग करने का आरोप है.

पुजारी की सफाई

पुजारी प्रदीप गुरु ने नमी और गर्म मौसम को कारण बताया, जिससे की भांग चिपक नहीं सकी. पंचामृत और बारिश के कारण श्रृंगार टूट गया. वे निश्चित मात्रा लगभग 3 किलोग्राम का पालन कर रहे थे, जो मंदिर समिति द्वारा तय की गई है.

रेत से भरा ट्रक मकान पर पलटा, तीन लोगों की मौत

- झाबुआ में चोरणमाता घाट उतरते वक्त हादसा हुआ

झाबुआ. शनिवार सुबह 4-5 बजे के बीच एक रेत से भरे ट्रक ने 3 लोगों की जान ले ली. जानकारी अनुसार जिले के कालीदेवी थाना क्षेत्र के ग्राम फतीपुरा के समीप चोरणमाता घाट उतरते वक्त यह हादसा हुआ. ट्रक घाट उतारते वक्त चालक की लापरवाही से ट्रक असंतुलित होकर एक

मकान के ऊपर जा पलटा, जिससे 3 लोगों के दबने से मौके पर ही मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और जानकारी पुलिस को दी गई. बताया जा रहा है की ट्रक छोटा उदयपुर से आया था जो राजगढ़ के रास्ते झिरी गांव होते हुए आ रहा था. हादसे में घर के अंदर सो रहे देसिंग पिता नूरा मेड़ा 27 वर्ष, पत्नी रमिला 25 वर्ष और बेटी आरोही 6 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया. ग्रामीणों ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद दबे तीनों शवों को बाहर निकाले जिसके बाद पुलिस ने शवों को पीएम के लिए अस्पताल भेजे.

यादव ने की मोइत्रा के बयान की आलोचना

भोपाल. तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संदर्भ में की गई टिप्पणी की आलोचना करते हुए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि ये उनकी घृणित मानसिकता को उजागर करता है और उनके दल को देश से माफी मांगनी चाहिए. डॉ यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी पर तृणमूल कांग्रेस की सांसद द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी उनकी घृणित मानसिकता उजागर करती है. मैं इसकी कठोर निंदा करता हूँ.

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
SECRETARIATE FOR SINGLE WINDOW SYSTEM
21, Arera Hills, Bhopal-462011 M.P. (India), Tel. : (91)755-2571830, 2575618, 3523555, 3523505
E-mail : helpdesk@mpidc.co.in, Website : www.invest.mp.gov.in, CIN : U51102MP1977SGC001392
Ref. No.: MPIDC/LM/SWS-RFP/2025/NIT-08-03

क्रमांक : 52/MPIDC/LM/NIT-08-03 दिनांक : 30.08.2025

औद्योगिक क्षेत्र के औद्योगिक प्रयोजन के भूखंडों को ई-बिडिंग से आवंटन हेतु आवेदनों का आमंत्रण

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, म.प्र. शासन के अधीन एम.पी. इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि., भोपाल द्वारा NIT 08-03 के माध्यम से **जबलपुर, मंडला, सिवनी एवं छिंदवाड़ा** जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में स्थित औद्योगिक प्रयोजन के भूखण्ड हेतु उपलब्ध भू-खंडों को E-Tender Cum Auction (E-Forward Auction) के माध्यम से आवंटित किया जाना है, जिसकी प्रक्रिया **दिनांक 01.09.2025** से **https://mptenders.gov.in** पोर्टल पर प्रारंभ होगी।

ई-बिडिंग में भाग लेने हेतु Class 3 Digital Signature होना आवश्यक है। नियम, प्रक्रिया एवं भू-खण्डों आदि की विस्तृत जानकारी MPIDC की वेबसाइट **https://invest.mp.gov.in/** से भी प्राप्त की जा सकती है। ई-बिडिंग प्रक्रिया से संबंधित शुद्धिपत्र, यदि हो तो, समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा, इसे **https://mptenders.gov.in/** पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।

म.प्र. माध्यम/121799/2025 **कार्यकारी संचालक**

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशुतोष उपाध्याय द्वारा 6/54, फिरोज गांधी प्रेस काम्प्लेक्स, इंदौर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , फिरोज गांधी प्रेस कॉम्प्लेक्स इंदौर से मुद्रित. समूह संपादक क्रांति चतुर्वेदी*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन/फैक्स- 4096718 RNI Reg. No.7590/60